**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

# सरकार ने इरेडा की खुदरा सहायक कंपनी को मंजूरी दी

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर 2024

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) को आज निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) से पीएम-सूर्यघर (रूफटॉप सोलर), पीएम-कुसुम योजनाओं और नवीकरणीय ऊर्जा और उभरते नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में बी2सी खंडों जैसे ईवी, ऊर्जा भंडारण, हरित प्रौद्योगिकियों, टिकाऊ, ऊर्जा दक्षता आदि के तहत खुदरा कारोबार को संचालित करने  के लिए पूर्ण स्वामित्व वाली खुदरा सहायक कंपनी स्थापित करने की सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है।

इस प्रगति के बारे में  टिप्पणी करते हुए, इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने कहा कि , "यह नई खुदरा सहायक कंपनी जमीनी स्तर पर सतत  ऊर्जा समाधानों को बढ़ावा देने की दिशा में हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस खुदरा बाजार में अक्षय ऊर्जा वित्तपोषण के लिए अपनी विशेषज्ञता का विस्तार करके, हम शहरी और ग्रामीण दोनों उपभोक्ताओं के लिए अभिनव वित्तपोषण विकल्प प्रदान करेंगे, तथा  टिकाऊ प्रणालियों  को बढ़ावा देंगे और कार्बन फुटप्रिंट को कम करेंगे।"

यह विस्तार संपूर्ण  देश में अक्षय ऊर्जा को अपनाने के लिए  तेजी लाने और स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में नए अवसर पैदा करने के लिए भारत सरकार के विजन के अनुरूप है।